संचालनालय
महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती. भवन, ब्लाक–1, द्वितीय तल, नया रायपुर

दूरभाष क्रमांक 0771–2234192, 2234779 (FAX), E-Mail:addldirwcd@gmail.com

राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला संसाधन केन्द्र हेतु शोध अधिकारी के 01 पद पर भर्ती के सम्बन्ध में विज्ञापन

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन गठित राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत राज्य में राज्य महिला सशक्तिकरण मिशन प्राधिकरण का गठन किया गया है। राज्य महिला सशक्तिकरण मिशन प्राधिकरण के अधीन राज्य में महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की मॉनिटरिंग, समीक्षा, समन्वय तथा मिशन के कार्यो में सहयोग प्रदान करने हेतु राज्य स्तरीय महिला संसाधन केन्द्र स्थापित किया गया है। राज्य स्तरीय महिला संसाधन केन्द्र में शोध अधिकारी के 01 पद पर संविदा पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से दिनांक 05.07.2018 तक आवेदन आमंत्रित है। पद एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है –

पदनाम	पदसंख्या	संविदा वेतन	चयन प्रक्रिया	अधिकतम आयु सीमा
शोध अधिकारी	01	26250/– प्रतिमाह	संविदा	45 वर्ष

* छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा पर छुट हेतु जारी निर्देश लागू माने जायेंगे।

आवेदन प्रपत्र तथा शोध अधिकारी के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, कार्य दायित्व एवं अन्य विवरण – *www.cgstate.gov.in* and *www.cgwcd.gov.in* वेबसाईट पर उपलब्ध है :–

विज्ञापन में दिये प्रारूप अनुसार टंकित कराया जाकर निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र डाक/कुरियर द्वारा **दिनांक 05.07.2018** की संध्या 5:00 बजे तक संचालक, संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–1, द्वितीय तल नया रायपुर 492002 को प्रेषित किये जावें –

(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

18/6/18

अपर संचालक
महिला एवं बाल विकास
नया रायपुर, (छ.ग.)

उपरोक्त पद हेतु नियम व शर्ते :–

1. संविदा नियुक्ति प्रारंभिक रूप से 01 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् योजना संचालन की निरंतरता, कार्य, क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयंमेव समाप्त माना जायेगा।

2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी।

3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती हैं। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

4. आयु की गणना 01 जनवरी 2018 की स्थिति में की जायेगी।

5. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए।

6. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन के साथ स्वप्रमाणित/सत्यापित वांछित प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची की छायाप्रति की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना होगा।

7. अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी स्वप्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

8. शासकीय/अर्द्धशासकीय/अंर्तराष्ट्रीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।

9. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मद्वारों को काई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे।

10. स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त पदों के कार्य क्षेत्र कार्यालयीन कार्य एवं क्षेत्रीय कार्य दोनो ही प्रवृत्ति का होगा।

उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीद्वार आवेदन ना करें।

11. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए।

12. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा।

13. आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर द्वारा दिनांक 05 जुलाई 2018 की संध्या 5:00 बजे तक से आयुक्त, संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–1, द्वितीय तल नया रायपुर 492002 (छ0ग0) को प्रेषित किये जावें। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात् आवदेन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

14. उपरोक्त पद पर चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

शैक्षणिक योग्यता	चयन प्रक्रिया
• सामाजिक कार्य/अर्थशास्त्र/महिला क्षेत्र /विधि/अन्य समकक्ष विषय में स्नात्तकोत्तर डिग्री* • महिला से संबंधित योजनाओं कें शोध कार्यो में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव** • कम्प्यूटर का ज्ञान जिसमें एम.एस. ऑफिस, डाटा विश्लेषण एवं SPSS, STATA पर कार्य का अनुभव, कम्प्यूटर टायपिंग अनिवार्य	• वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए अधिकतम 60 अंक। • न्यूनतम अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 02 अंक दिये जायेंगे। अधिकतम 20 अंक तथा • लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट /साक्षात्कार से संबंधित परीक्षा 20 अंक निर्धारित रहेंगे।

**** वांछित शैक्षणिक योग्यता एवं कार्य दायित्व विज्ञापन के साथ पृथक से संलग्न है।***

**अनुभव के सम्बन्ध में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण–पत्र में शोध के विषय एवं शोध कार्य में आवेदक का दायित्व/भूमिका का स्पष्ट एवं प्रमाणिक उल्लेख हो।

उल्लेखित प्रत्येक पद के लिए अधिकतम 10 उम्मीद्वारों को लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट हेतु बुलाया जावेगा।

15. प्राप्त आवेदनों के संबंध में संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

16. आवेदन पत्र संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, इन्द्रावती भवन परिसर द्वितीय तल नया रायपुर 492002 (छ0ग0) के सामाजिक विकास शाखा/सभी जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास के कार्यालय से कार्यालयीन समय में एवं विभाग के वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.cgstate.gov.in and www.cgwcd.gov.in पर देखी जा सकती है।

(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

18/6/18

अपर संचालक
महिला एवं बाल विकास
नया रायपुर, (छ.ग.)

Annexure - 1

No	Position	Responsibilities	Qualification & Experience and Salary
3.	Research Officer (1)	Collate and doucment information, gender disaggregated data releting to various sectoral areas like livelihoods, health, education etc, particularly with regard to women. Undertake empirical as well as desk-based studies to review implementation of gender sensitive health policies and programmes. Assist Specialist Gender to undertake research studies to assist in framing policies and programmes under the convergence mandate of the Mission. Undertake any other activity as may be required to further the aims and objectives of SRCW	**Essential** Master's Degree in Social Work/Economics/Women's Studies/Law/Government/any other related field. Minimum experience of 02 years in Research field. Must have computer knowledge and ability to work in various MS Office, date analysis packages like SPSS, STATA etc. **Desirable** Previous experience of working with the government. **General Condition** Involves extensive travel with in the state. Age of candidate preferably between 30-45 years Salary of Rs 26,250 per month

APPLICATION FORM FOR SRCW-
(for post 1-6)
DEPARTMENT OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
STATE MISSION FOR EMPOWERMENT OF WOMEN

Affixed passport photo duly attested

A. PERSONAL PARTICULARS	
Post Applied For :	
Name in full (in block letters):	
Gender (Male/Female):	
Marital Status (Married/Unmarried):	
Date of Birth (as in Secondary School Certificate):	
Dd/mm/yyyy	
Father/Husband's Name :	
Mother's Name :	
Nationality :	
State of Domicile :	
Community (SC/ST/OBC/General) :	
Physically Handicapped : (Y/N)	
If, yes then give the details :	
Mailing Address (in block letters) with Pin Code :	
Permanent Address (in block letters) with Pin Code :	
Email address	
Alternate email address :	
Mobile Number	
Telephone Number (Office) :	
Telephone Number (Residence) :	
B. Computer skills (like expertise in MS Office or software development :	
C. Languages (s) Known read/write	

D. Educational Qualifications (please add additional degree/diploma/any other additional qualifications, if any):

Degree	Stream/Discipline	Aggregate Marks (in % only)	Name of Board/University	Year of Passing
Bachelor Degree				
Master Degree				

Pl. attach 10th and 12th mark sheet along with other educational certificate for verification purpose

E. EMPLOYMENT HISTORY						
Details about the previous Employment (starting with latest job)						
From (dd/mm/yyyy)	To (dd/mm/yyyy)	Organization Name	Organization Address	Organization Phone No.	Position Held	Monthly Emoluments
Total experience as per advertisement criteria :					Years	Months
Out of Total experience mention Government experience if any :					Years	Months

F. How do you think you are the best person for the job you are applying (not more than 500 words), separate sheet may be attached.

Declaration

I hereby declare that the statements made in the application are true and complete to the best of my knowledge and belief. I understand that the action can be taken against me in the event of any of the said information furnished by me being found false or incorrect.

Signature of Application

Name - .....

Date -.....

Place-.....